संख्या–4853/नौ–5–2011–97बजट/2010

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश मिश्र,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
स्थानीय निकाय,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

नगर विकास अनुभाग–5

लखनऊः दिनांक 05 दिसम्बर, 2011

विषयः जेएनएनयूआरएम कार्यक्रम के यूआईडीएसएसएमटी कार्यान्श के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद, संभल जनपद मुरादाबाद की पेयजल पुनर्गठन परियोजना की पुनरीक्षित लागत की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–पीएमयू/1368/9–संभल/2006 दिनांक 14.09.2011 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जेएनएनयूआरएम कार्यक्रम के यूआईडीएसएसएमटी कार्यान्श के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद, संभल जनपद मुरादाबाद की पेयजल पुनर्गठन परियोजना की पुनरीक्षित लागत ₹ 1669.73 लाख, जिसमें 136.82 लाख की सेन्टेज की धनराशि सम्मिलित है, की धनराशि की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष सहमति प्रदान करते हैः–

(धनराशि लाख ₹ में)

क्रम	नगर का नाम	परियोजना का नाम	भारत सरकार द्वारा पूर्व में अनुमोदित लागत	कार्यदायी संस्था द्वारा प्रस्तावित पुनरीक्षित लागत	व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित लागत	स्वीकृत पुनरीक्षित लागत
1	2	3	4	5	6	7
1	मुरादाबाद	नगर पालिका परिषद, संभल पेयजल पुनर्गठन परियोजना	1201.29	1742.70	1669.73	1669.73

(1) प्रायोजना का निर्माण कार्य जून, 2012 तक पूर्ण करा लिया जाय तथा भविष्य में प्रायोजना का पुनरीक्षण स्वीकार्य नही होगा।

(2) प्रायोजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यो की द्विरावृत्ति (डुप्लीकेसी) को रोकने के दृष्टि से प्रायोजना की स्वीकृति से पूर्व यह सुनिश्चित किया जाय कि यह कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

2. यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय संख्या–ई–8–3446/दस–11, दिनांक 29 नवम्बर, .2011 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(सूर्य प्रकाश मिश्र)
विशेष सचिव।

संख्या–4853(1)/नौ–5–2011,तद्दिनांक

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महालेखाकार (वर्क्स लेखा अनुभाग), उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
2. संबंधित जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन कोषागार, लखनऊ।
4. कोषाधिकारी, कलेक्ट्रेट कोषागार, लखनऊ।
5. प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश जल निगम, लखनऊ।
6. एन.आई.सी. बापू भवन, लखनऊ।
7. अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, संभल, मुरादाबाद।
8. वित्त (ई–8) अनुभाग/वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–2
9. वरिष्ठ लेखाधिकारी/मुख्य/सहायक लेखाधिकारी, जेसी भी स्थिति हो।
10. नियोजन अनुभाग–3/4
11. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(सूर्य प्रकाश मिश्र)
विशेष सचिव।